नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 169/2021
Dt-8-6-2021

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कंपनी लि0,
पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के मदनपुर पंचायत को निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के लखनौर प्रखंड के मदनपुर ग्राम पंचायत के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्त्तमान में उक्त पंचायत को विद्युत की आपूर्ति दरभंगा जिला के तारडीह विद्युत उपकेन्द्र से की जा रही है। ज्ञात हो कि उक्त विद्युत उपकेन्द्र में मधुबनी जिला का मदनपुर एकमात्र पंचायत है। उस कारण से भी कठिनाई उत्पन्न होती है।

मदनपुर पंचायत में कुल 12 ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। दो जिला एवं प्रखंड होने के कारण यदि कोई तरह की विद्युत की आपूर्ति में त्रुटि होती है तो इसका निवारण करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः अनुरोध है कि वर्त्तमान में मदनपुर पंचायत के विद्युत उपभोक्ताओं की कठिनाई एवं परेशानी को देखते हुए समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे ताकि निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जा सकें।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 8.6.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in